एक नजर में

दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

भौरासा। नगर भौरासा में चल रहे 10 दिवसीय मेले में 14 से 22 तारीख तक चलने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक हुई जिसका समापन आज हुआ इस क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 16 टीमों ने भाग लिया था जिसमें ग्वालियर,भोपाल, आष्टा, देवास, उज्जैन, इंदौर ,शाजापुर,टोंकखुर्द, हाटपिपलिया, सोनकच्छ, बडनगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से कई टीमों ने भाग लिया यह प्रतियोगिता टेनिस बॉल से रखी गई थी जिसमें नगर परिषद द्वारा प्रथम 2, लाख रूपए का नगद पुरस्कार व द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रुपए का एव मैन ऑफ द सीरीज 11000/ हजार रुपए का और मैन ऑफ द मैच फाइनल 5100/सो रुपए रखी गई थी जिसमें आज हुए मैच में इंदौर और भोपाल के बीच में फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें भोपाल एमजी,एचएम एकता व इन्दौर नरेंद्र इलेवन के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमे प्रथम विजेता एमजी एचएम भोपाल रही, जिसे 2 लाख रुपए का नगद पुरस्कार एव द्वितीय पुरस्कार इंदौर नरेंद्र इलेवन को 1 लाख रूपए का नगद पुरस्कार नगर परिषद भौरासा द्वारा दिया गया। खिलाड़ियों द्वारा जीत की खुशी में जश्न भी मनाया गया व फाइनल के मैन ऑफ द मैच घनश्याम यादव भोपाल रहे, जिन्हें नगर परिषद द्वारा 11000/ हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया वहीं मैन ऑफ द सीरीज आशीष गौतम इंदौर को 5100/ सो रुपए का पुरस्कार दिया गया मैच की कॉमेंट्री प्रमोद पालीवाल,शैलेंद्र ठाकुर, राज राठौर, मनीष ठाकुर,इसकोरर लककी बाबा के द्वारा की गई व एंपायर सिप युवराज सिंह राजपूत,व तबरेज शेख, राहुल जादव के द्वारा की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर परिषद सीएमओ श्रीमती सविता सोनी, पार्षद सचिन यादव ,राजेंद्र यादव, अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, मुकेश कुमावत कैलाश सिंह ठाकुर, मौसम माली, विनायक माली, गब्बर ठाकुर ,पवन जायसवाल, अमित चौधरी, निखिल राठोर ,अंकित ठाकुर ,घोटिया ठाकुर, आदि लोग व पार्षदगण एव समस्त नगर परिषद के कर्मचारियों ने इस सफल आयोजन के लिए नगर वासियों का व बाहर से आई टीमों का आभार माना।

सुरीले गीतों की प्रस्तुतियों का आयोजन आज

देवास। स्वर संचार समूह देवास के तृतीय स्थापना वर्ष के अवसर पर सदभावना मिलन समारोह एवं सुरीले गीतों की प्रस्तुतियों का आयोजन आज 22 फ़रवरी रविवार को प्रात: 11 बजे से किंडर पुब्लिक स्कूल देवास में किया जायेगा। विस्तृत जानकारी देते हुवे समूह पदाधिकारी ललित वेद ने बताया कि यह आर्योजन समूह के आयोजक एवं संयोजक दिनेश कुमार बावने और आयोजक मंडल के कुशल नेतृत्व में किया जायेगा। जिसमे देवास ,इन्दौर ,उज्जैन,महू के लगभग पचास स्थापित गायकों एवं गायिकाओं द्वारा शानदार मस्ती भरे सुरीले गीतों की प्रस्तुतियां पेश की जायेगी। आयोजन के मुख्य अतिथि मदनलाल कहार पूर्व सदस्य मछुवा कल्याण बोर्ड भोपाल, सुभाष शर्मा पूर्व महापौर देवास एवं अतिथि इकबाल खान अंदाजे रफ़ी , देवेंद्र पंडित मिनी महेंद्र कपूर, आशीष मेहता तृप्ति ज्वेलर्स ,विक्की भैय्या ,जंगमी कार और नरेंद्र अग्रवाल होंगे। आयोजन के सूत्रधार समूह के सहसंयोजक हेमंत वर्मा होंगे। कार्यक्रम में प्रवेश नि :शुल्क हैं सभी संगीत प्रेमियों से आग्रह है कि वे कार्यक्रम में पधार कर संगीत का आनंद लें।

मूक बधिर बच्चों संग बांटी खुशियाँ

देवास । शहर की सामाजिक संस्था एक्ट ईव फाउंडेशन के सदस्यों ने शनिवार को मूक बधिर छात्रावास में रह रहे बच्चों संग समय बिताया और संस्था के एक पारिवारिक सदस्य की बिटिया निधि उचिल की पुण्यतिथि पर बच्चों को भोजन प्रसादी संग खुशियाँ बांटी । संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा ने बताया कि छात्रावास में जिले के दूर दराज क्षेत्र के पचास से अधिक मूक बधिर बच्चे रह कर पढ़ाई करते है जिनके बीच जाकर सदस्यों ने अपनत्व महसूस किया । इस अवसर पर शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव,संतोष सावंत, अशोक शर्मा, किशोर असनानी,ईसाक शेख, आलेख वर्मा, गुलाब वर्मा, सोनू पंजाबी, शकुन्तला मालवीय,अमल बेरा, काकोली बेरा,राजेश्वरी डागर, राधा मालवीय, भेरूसिंह मालवीय,रामचंद्र मालवीय, अनीता यादव तथा राधा यादव उपस्थित रहे। संतोष सावंत द्वारा भी बच्चों को बिस्किट चाकलेट वितरित किये गये ।

फागण माह की भव्य निशान यात्रा आज

भौरासा। नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आज फाग महोत्सव मनाया जायेगा समिति द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा श्याम प्रेमियों पर इत्र वर्ष व फूल वर्षा गुलाल वर्षा भी होगी समिति सदर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा व श्याम प्रेमियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है, इसी कड़ी में सोनकच्छ नगर से नेवरी फाटा धाम तक एक भव्य फाग निशान यात्रा भी निकाली जाएगी जिसका नेवरी फाटा धाम पहुंचने पर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। जिसमें सोनकच्छ नगर से बडी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल होंगे। फाग महोत्सव को लेकर क्षेत्र के गांव डकाच्या, पोलाय जागीर,बुधन गांव, मलेडिया, पांदा जागीर, सरसौदा, नाना धारा खेड़ी, गुराडिया सहीत दर्जनो गांव से श्याम प्रेमी शमील होंग।

सोनी गौ प्रकोष्ठ युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

देवास। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

देवप्रकाश शुक्ला एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रकोष्ठ ममता भारद्वाज के निर्देशन में वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेश शर्मा पत्रकार ने कपिल सोनी को वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ का मध्य प्रदेश युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। गौ, प्रकोष्ठ का उद्देश्य, गौ माता की सेवा संरक्षण एवं संवर्धन करना है साथ ही गौवंश आधारित भारतीय संस्कृति गोपालन, गौशालाओं के संवर्धन और सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना, संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। संगठन का संकल्प है भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र के रूप में स्थापित करना, गौ सेवा एवं सनातन धर्म को आगे बढ़ाएं। प्रदेश संयोजक ने आशा व्यक्ति की है कि श्री सोनी संगठन को गांव-गांव तक पहुंचने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। श्री सोनी के वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर इष्ट मित्रों एवं स्नेहीजनों ने बधाई दी।

घर के सामने खेल रहे 9 वर्षीय मासूम को इको वाहन ने रौंदा

देवास। पुंजापुरा में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे गांव को झकझोर दिया। स्कूल से घर लौटे तीसरी कक्षा के 9 वर्षीय बालक की घर के सामने खेलते समय इको वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पाजरिया गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे एक हृदयविदारक हादसा हो गया। सुरेन्द्र पिता केशरसिंह, उम्र 9 वर्ष, कक्षा तीसरी का छात्र, स्कूल से घर लौटने के बाद घर के सामने गिट्टी के ढेर पर खेल रहा था। इसी दौरान बागली से पुंजापुरा की ओर आ रहा इको वाहन (क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूसी 1290) अनियंत्रित होकर बालक को टक्कर मार गया। प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन के अनुसार वाहन चालक प्रवीण पुत्र भगीरथ, निवासी तेजाजी नगर खंडवा रोड इंदौर, बाइक के सीट कवर बेचने के लिए पुंजापुरा आ रहा था। अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पहले एक नीम के पेड़ से टकराया, फिर पानी का नल तोड़ते हुए सीधे वहां खेल रहे मासूम सुरेन्द्र को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालक के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। घटना की सूचना राहगीरों ने डायल 112 पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बागली शासकीय अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

14 लाख राधा नाम लिखकर नरेश ने रचा इतिहास

देवास। जय प्रकाश नगर, देवास निवासी नरेश खरे ने भक्ति, समर्पण और अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए 14,00,000 बार राधा नाम लिखकर एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें 20 फरवरी 2026 को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई। इस पूरी यात्रा के दौरान राधा नाम लिखना उनके लिए केवल लेखन नहीं, बल्कि भक्ति और आंतरिक शांति का अनुभव था। उनकी यह साधना समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश देती है कि सच्चा समर्पण ही वास्तविक सफलता की ओर ले जाता है। स्थानीय स्तर पर इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और क्षेत्रवासियों ने इसे देवास के लिए गर्व का क्षण बताते हुए श्री खरे को बधाई एवं शुभ कामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

भारतीय मजदूर संघ का धरना एवं ज्ञापन 25 को

देवास। भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड, जिला मंत्री अमित पांडे ने बताया कि 25 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपेंगे। भारतीय मजदूर संघ का 21 वां अखिल भारतीय त्रि वार्षिक 3 दिवसीय अधिवेशन विगत 6 से 8 फरवरी तक भगवान जगन्नाथ की पवित्र नगरी पुरी उड़िसा में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देश भर से उपस्थित श्रमिकों से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर गहराई से चर्चा हुई। तत्पश्चात सभी प्रस्ताव को सर्वानुमति से पारित किया गया। इसके अलावा अधिवेशन के दौरान भिन्न भिन्न उद्योगों में कार्य करने वाले श्रमिकों के हितों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के मकसद से कई सेक्टर विशेष के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया और उन्हें सर्वसम्मति से अधिवेशन के प्रस्ताव के रूप में पारित एवं अंगीकार किया गया। समूचे भारत से आए प्रतिनिधियों द्वारा पारित किए गए। भारतीय मजदूर संघ के 21 वें अखिल भारतीय अधिवेशन में तय हुआ था कि तदनुसार भारतीय मजदूर संघ इन मांगों की ओर केन्द्र और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए पूरे देश में 25 फरवरी को धरना प्रदर्शन करेगा।

चलती ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से ट्रैक पर गिरे बुजुर्ग की मौत

जूते-चप्पल की खरीदी करने इंदौर जा रहे थे

देवास। रेलवे स्टेशन पर शनिवार को चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। संतुलन बिगड़ने और पैर फिसलने के कारण वे ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतक की पहचान देवास निवासी यूसुफ कमरी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, यूसुफ कमरी ऊना से इंदौर जा रही हिमाचल एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास कर रहे थे। ट्रेन स्टेशन से चल चुकी थी और इसी दौरान डिब्बे में चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने से वे ट्रेन की चपेट में आ गए। यह हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक यूसुफ कमरी देवास में ही रहते थे और पेशे से जूते-चप्पल का व्यवसाय करते थे। शनिवार को वे अपने इसी व्यापार के सिलसिले में खरीदारी करने के लिए ट्रेन से इंदौर जा रहे थे। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में भी यही बात सामने आई है कि चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। हादसे की दुखद खबर लगते ही मृतक के परिचित और समाज के लोग स्टेशन पहुंच गए। मृतक के पड़ोसी सादिक अली ने बताया, यूसुफ शूज़ का व्यापार करते थे। समाज को सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस अब इस पूरे मामले की वैधानिक जांच कर रही है।

गुप्त दानदाता ने 350 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए

देवास। कड़ाके की ठंड और अभावों के बीच जब सेवा का हाथ बढ़ता है, तो वह न केवल शरीर को गर्माहट देता है बल्कि समाज के प्रति विश्वास भी जगाता है। स्थानीय चिमनाबाई स्कूल में एक ऐसा ही प्रेरक प्रसंग सामने आया है, जहाँ एक सेवाभावी परिवार ने अपनी पहचान गुप्त रखते हुए स्कूल की 350 छात्राओं को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किए। जब इस समस्या की जानकारी एक उदार हृदय वाले परिवार को लगी, तो उन्होंने विद्यार्थियों के प्रति अपनी सद्भावना प्रकट करते हुए स्वत: संज्ञान लिया। परिवार की इच्छा के अनुसार उनका नाम उजागर नहीं किया गया है। उन्होंने विद्यालय की गरिमा और छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित यूनिफॉर्म वाले 350 स्वेटर भेंट किए। इस पुनीत कार्य के लिए आयोजित कार्यक्रम का कुशल संयोजन संजय जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में बाबूलाल भाटी ने दानदाता परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे निस्वार्थ सेवा कार्य समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

विद्यालय के प्राचार्य राजू सातपुते ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कई छात्राएं ऐसी थीं, जिनके पास यूनिफॉर्म के स्वेटर नहीं थे। आर्थिक अभाव के कारण ये छात्राएं या तो बिना स्वेटर के स्कूल आती थीं या फिर अलग-अलग रंगों के स्वेटर पहनकर आती थीं, जिससे विद्यालय की एकरूपता प्रभावित होती थी। यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई थी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास में लगा स्वास्थ्य शिविर

536 मरीज हुए लाभान्वित

कन्नौद। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास में खंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतनाम सिंह बग्गा ,भारतीय जनता पार्टी सतवास मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीय एवं संजय शर्मा पत्रकार के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।शिविर में अमलतास मेडिकल कॉलेज से आए कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ विजय बैरागी ,डॉ पंकज बंसल ,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ निमिषा ,डॉ प्रखर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश ,सोनोलॉजिस्ट डॉ सौरभ वर्मा के द्वारा शिविर में आए मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया । बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग के 72 रोगियों का उपचार किया गया स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा 43 हाई रिस्क महिलाओं की जांच एवं उपचार किया गया तथा अन्य बीमारियों से ग्रसित 178 रोगियों की जांच एवं उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया ,22 मरीजों की सोनोग्राफी तथा 12 मरीज का ईसीजी किया गया ।आरबीएस के टीम के द्वारा 11 बच्चों की हृदय संबंधी स्क्रीनिंग एवं अन्य रोगियों की जांच एवं उपचार किया गया ।सर्वाइकल कैंसर ब्रेस्ट कैंसर ओरल कैंसर के संभावित 52 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई । परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 121 महिलाओं को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में जानकारी देकर परिवार नियोजन के अस्थाई साधन दिए गए ।शिविर में 58 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए शिविर में संस्था प्रभारी डॉ धीरज बारवाल ,डॉ राहुल बाथड़ा ,डॉ सानिया मिर्जा ,डॉ सुनीता वानखेडे ,बीईई दिनेश साहू ,बीपीएम प्रदीप पवार ,बीसीएम विनोद भंवर, धूम सिंह बघेल, आरपी परमार, देवचंद खत्री, बनवारी लाल मालाकार, कमलेश यादव यादव ,नर्सिंग ऑफिसर ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

असमय वर्षा एवं तेज आंधी से रबी फसलों को भारी नुकसान, सर्वे की मांग

देवास। जिले में विगत दो दिनों से हुई असमय वर्षा एवं तेज हवा-आंधी के कारण गेहूं सहित अन्य रबी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है ।इस अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा से जिले के किसान वर्ग पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। भारतीय जनता पार्टी जिला देवास के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का शीघ्र सर्वे कराने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि देवास जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में असमय वर्षा एवं तेज हवा के चलते खेतों में खड़ी गेहूं एवं अन्य रबी फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ऐसे में शासन द्वारा नियमानुसार फसल क्षति का सर्वे कराकर किसानों को राहत प्रदान की जाना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष सेंधव ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों के हित में तत्काल सर्वे कार्य प्रारंभ कर उन्हें उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को आर्थिक संबल मिल सके।

भागलडी गांव में नर्मदा लिंक योजना की पाइप लाइन फूटने से खेतों में पहुंचा पानी

सोनकच्छ। शासन द्वारा एलएनटी कम्पनी को नर्मदा लिंक परियोजना के तहत पाइप लाइन डालने का ठेका दिया है। यह योजना शाजापुर देवास जिले सहित कई स्थानों पर अंतिम चरण में चल रही है। इस योजना को धरातल पर उतर कर पाइप लाइन की टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कम्पनी द्वारा शनिवार सुबह टेस्टिंग का कार्य किया था। जिसके कारण ग्राम भागलडी में कई किसानो की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। ग्राम के रहने वाले किसान राधेश्याम, पन्नालाल, गंगाराम आदि ने बताया कि, कम्पनी द्वारा टेस्टिंग किए जाने के कारण कुछ स्थानों पर पाइपलाइन फुट गई। जिसके कारण कई गेलन पानी हमारे खेतो में आ गया जिसके कारण लहसुन, गेहूं, सब्जी आदि की फसल पुरी तरह खराब हो चुकी है। जिसके कारण हमारा काफी नुकसान हुआ है। फसल में पूर्व में ही पानी दे चुके थे, अत्यधिक पानी खेतो में भरा जाने से लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हो गया। कम्पनी के लोगों से सम्पर्क किया लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नही है। उधर ग्राम लालाखेड़ी में टेस्टिंग की वजह से नर्मदा का पानी आने के कारण स्नान कर नमन किया। लेकिन यहां भी कई खेतो में दरारें पड़ गई व खेत ऊंचे हो गए है। जो कि आगामी दिनों में नुकसान का ही अंदेशा दे रहे है। कम्पनी के बालकृष्ण से चर्चा करना चाही तो उनका फोन बंद मिला। कंपनी के ऋषि तिवारी से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि, टेस्टिंग की गई थी। जहां खेतो में सिंचाई का पानी देने के लिए पॉइंट दिए गए थे वहां लीकेज आया तो तत्काल पानी की सप्लाय रोक दी गई। वहीं जिन किसानों को नुकसान हुआ है। उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। एसडीएम प्रिया चंद्रावत का कहना है कि, कम्पनी के अधिकारियों से सम्पर्क कर जो उचित होगा वो किया जाएगा।

एक नजर — शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच तथा छात्रा के हित में उचित समाधान की मांग

प्रश्न पत्र के पहले पन्ने पर इंग्लिश तथा दूसरे पन्ने पर ईवीएस का पेपर

देवास। शुक्रवार को शहर के कटी घाटी स्थित गुरुकुल एकेडमी हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्रा को नारायण विद्या मंदिर क्र.1 में परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। कक्षा पांचवीं की छात्रा प्रियांशी जाधव (पिता निलेश जाधव) को आयोजित इंग्लिश विषय की परीक्षा में त्रुटिपूर्ण प्रश्नपत्र वितरित किए जाने का आरोप है। परिजनों के अनुसार, इंग्लिश विषय का प्रश्नपत्र कुल 60 अंकों का था और इसे दो पृष्ठों में प्रकाशित किया जाना था। लेकिन पहले पृष्ठ पर केवल 20 अंकों के इंग्लिशप्रश्न ही मुद्रित थे, जबकि दूसरे पृष्ठ पर 25 फरवरी को आयोजित होने वाले एनवायरनमेंटल स्टडी (ईवीएस) का प्रश्नपत्र छप गया। बताया जा रहा है कि छात्रा इस त्रुटिसे अनभिज्ञ रही और इंग्लिश परीक्षा समझकर ईवीएस से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी उसी प्रश्नपत्र में लिख दिए। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब छात्रा घर पहुंची और परिजनों ने प्रश्नपत्र देखा, तब इस गंभीर गड़बड़ी का खुलासा हुआ। अभिभावकों का कहना है कि प्रश्नपत्र की इस चूक के कारण छात्रा को पूर्ण अंक मिलने में बाधा आ सकती है, जिससे उसके वार्षिक परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़सकता है। परिजनों ने शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच, जिम्मेदारों पर कार्रवाई और छात्रा के हित में उचित समाधान की मांग की है।

इनका कहना है

इस मामले में डीपीसी अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है। यदि छात्रा या उसके अभिभावक औपचारिक शिकायत करते हैं, तो विभाग नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि छात्रा के भविष्य को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाएगा, रही बात पेपर मिस प्रिंट की तो यह बड़ी लापरवाही है इसकी शिकायत हम ऊपर करेंगे। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस लापरवाही को कितनी गंभीरता से लेता है और छात्रा को न्याय दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

हिट एंड रन मामले का आरोपी गिरफ्तार

देवास । औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने चुनाखदान इलाके में हुए हिट एंड रन मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में 7 दिसंबर 2025 को 22 वर्षीय सुमित बाडवाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश पिता मांगीलाल बगाना (32) निवासी लसुडिया ब्राह्मण, हाल मुकाम चुनाखदान के रूप में हुई है। एसपी पुनीत गेहलोद ने फरार आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीरसिंह भदौरिया और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल और आसपास के 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 41जीए 0328 की पहचान की गई। वाहन मालिक से पूछताछ के बाद आरोपी मुकेश बगाना को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन और उससे संलग्न मिक्सर मशीन जब्त की है। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी ने सार्वजनिक रूप से दादागिरी और कानून के प्रति अनादर प्रदर्शित किया। इस पर पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।